राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : हिंदी
पाठ **33** : तीन लघुकथाएं
कार्यपत्रक – **33**

1. 'सड़क का आदमी' लघु कथा की ऐसी दो ऐसी विशेषताएँ लिखिए जिन्हें आप जीवन में अपनाना चाहेंगे और कारण भी लिखिए।

2. ''बरसूँ या नहीं।'' बादलके इस कथन से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. 'तो मेरा गीत भी मेरी जिंदगी है।' कहानी में कवि के इस विचार को आप आज के युग में कितना प्रासंगिक मानते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

4. 'सड़क का आदमी' लघु कहानी भ्रष्टाचार के विरुद्ध हमें जागृत करने में किस हद तक सफल हुई है? स्पष्ट कीजिए।

5. राघव सरकार के व्यवहार के बारे में आपकी क्या राय है?कारण सहित प्रस्तुत कीजिए।

6. तीन लघुकथाएं जीवन की किन-किन समस्याओं को हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है? उल्लेख कीजिए।

7. तीन लघुकथाओं की भाषा क्या भावों के अनुरूप है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

8. ''सड़क का आदमी' लघु कहानी की संवाद-योजना बहुत सशक्त है।' सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

9. लघु कहानी की विशेषताओं के आधार पर 'कवि और लोहार' लघु कहानी कितनी खरी उतरी है? सिद्ध कीजिए।

10. भ्रष्टाचार की समस्या के समाधान के लिए आप कौन-कौन से सुझाव देना चाहेंगे? वर्णन कीजिए।